卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 280 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦22 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दुकानों पर नाम-पहचान लगाने के आदेश पर लगी अंतरिम रोक

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को कावड़ यात्रा- नेमप्लेट विवाद मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस फैसले पर पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें कावड़ रूट पर दुकानदारों को अपनी पहचान बताने को कहा गया था। अदालत ने कहा है कि दुकानदारों को अपना नाम या पहचान उजागर करने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि दुकानदारों को बस खाने का प्रकार बताना होगा। दुकानदार दुकान पर शाकाहारी या फिर मांसाहारी, किस प्रकार का खाना बेच रहे हैं, बस यह बताना होगा। इस संबंध में कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। साथ ही अदालत ने ये भी कहा है कि अगर याचिकाकर्ता अन्य राज्यों को भी इसमें शामिल करना चाहते हैं तो उन राज्यों को भी नोटिस जारी किया जाएगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। एनजीओ एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स ने उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में (शेष पृष्ठ सात पर)



## सड़क हादसे में युवक की मौत,दो लोग घायल

रामनगर (उद संवाददाता)। रविवार देर रात सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई । बताया जाता है कि ग्राम टोटाम सल्ट जिला अल्मोड़ा निवासी 21 वर्षीय विजेंद्र सिंह एक होम स्टे में नौकरी करता था। रविवार की रात वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ बाइक से मालधन चौड किसी दोस्त का बर्थडे बनाने जा रहा था। इसी बीच बाइक एक बैरियर से टकरा गई जिसमें तीनों लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने विजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया तथा उसके साथ मौजूद अन्य दो लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस में घटना की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



## व्यापार मण्डल चुनाव पर रोक लगाने के लिए धरना प्रदर्शन





किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर इकाई के चुनाव पर रोक लगाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष सहित नगर के दो दर्जन से अधिक व्यापारियों ने उप जिला अधिकारी कार्यालय के सम्मुख टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन किया। चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने की मांग कर रहे निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा का कहना है कि नगर में संगठन के नियम के अनुसार चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं जिससे नगर में माहौल खराब हो रहा है। विजय अरोड़ा का आरोप है कि चुनाव समिति द्वारा प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नियमावली को ताक पर रखकर व्यापारियों को सदस्यता दी गई है तथा जीएसटी धारक व्यापारियों को छोड़ दिया गया है यही नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

### व्यापारी नेता अरोड़ा ने दी तहरीर

किच्छा। निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा ने कोतवाली में जिले के व्यापारियों के विरुद्ध तहरीर दे कर अपनी जान माल की सुरक्षा की मांग की है। कोतवाली में दी गई तहरीर में विजय अरोड़ा ने कहा है कि पूर्व में भी वे चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े करते आए हैं जिस वजह से कुछ पदाधिकारी उनसे अप शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं जिस वजह से उन्होंने अपनी जान माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक सुरक्षा प्रदान करने की गुहारल गायी है।

### माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई:एसडीएम

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के चुनाव को लेकर व्यापारियों के दो पक्षों द्वारा आमने-सामने आने पर तथा नगर में शांति माहौल खराब होने कि आशंका को लेकर उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा ने कहा है कि कानून की व्यवस्था बिगाड़ने का किसी को अधिकार नहीं दिया जा रहा है। अगर शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न की गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों के जितने भी लोगों (शेष पृष्ठ सात पर)

व्यापारी एकता जिन्दाबाद जय उद्योग जय व्यापार
प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल किच्छा के
अध्यक्ष पद के उम्मीदवार
आपके अपने जाने पहचाने एवं
हमेशा प्रत्येक व्यापारी के लिये
उपलब्ध युवा, शिक्षित, लोकप्रिय
एवं ईमानदार प्रत्याशी
पुनः आपके आशीर्वाद का अभिलाषी
गुलशन सिन्धी
मो.- 9927037300, 7500017300
प्रतिष्ठान-
होटल प्राईम,
पन्त मार्केट, किच्छा

निवेदक- समस्त व्यापारी भाई-बहन

## महाविद्यालय में प्रवेश को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में नये सत्र के प्रवेश को लेकर आज छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जिन छात्र छात्राओं के नाम मैरिट सूची में आ चुके हैं उनको भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। यहां तक कि 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रवेश से वंचित कर दिया गया है। जो उनके साथ नाइंसाफी है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उनका आरोप है कि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया में मनमानी बरती जा रही है। जब तक सभी छात्र छात्राओं को प्रवेश नही दिया जायेगा आन्दोलन जारी रहेगा। इस दौरान रजत बिष्ट, नागेन्द्र गंगवार, जसवंत गंगवार, कमल जोशी, किशन, अरवान, रोहित भास्कर, जाकिर, विशाल, पल्लवशील, अंकुर, बसंत, प्रीति, अंकिता, मोनिका, निशा, पिंकी, रागिनी, आरती, अतु, सुंशात आदि मौजूद थे।



## नदी में फंसे दो लोगों को एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। जनपद उत्तरकाशी चिन्यालीसौड़, आर्च पुल के पास बीच भागीरथी नदी में फंसे 2 व्यक्तियों को राज्य आपदा मोचन बल ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया। सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने जिला आपदा प्रबंधन को सूचना दी कि आर्च पुल, चिन्याली सौड़ के पास नदी के बीच में 2 व्यक्ति फंसे हुए है जो तेज बहाव के कारण वहां से निकलने में असमर्थ है। उक्त सूचना पर पोस्ट चिन्यालीसौड़ से उप निरीक्षक सचिन रावत के नेतृत्व में एसडीआर एफ टीम मय राफ्ट व आवश्यक उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए राफ्ट की सहायता से नदी के बीच (शेष पृष्ठ सात पर)



## दिनदहाड़े व्यापारी से हजारों की लूट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कार सवार अज्ञात लोगों ने काशीपुर मार्ग पर वाहन में पेट्रोल डलवा रहे भूतबंगला के एक व्यापारी से दिन दहाड़े हजारों की नगदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। दिन दहाड़े हुई इस घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार आज काशीपुर रोड पर लंम्बाखेडा के पास पैट्रोल पम्प पर भूत बंगला के व्यापारी अनीश मियां अपने वाहन मे तेल डलवाने के लिए रुके। तभी वहां एक कार से दो युवक उतर कर आए और व्यापारी के साथ मारपीट करने लगे। जब व्यापारी ने इनका विरोध किया तो मारपीट कर रहे युवकों ने अपने (शेष पृष्ठ सात पर)

# शमशान घाट के सौंदर्यीकरण के लिए सीएम ने स्वीकृत किये 94 लाख

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर में स्थित शमशान घाट के सौन्दर्यीकरण के लिए अपनी घोषणा पर 94 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से सौन्दर्यीकरण के साथ ही कई निर्माण कार्य होंगे।गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकसागर बांध स्थित शमशान घाट के सौंदर्यीकरण की मांग के अनुसार अपनी घोषणा पर 94 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने धनराशि में जारी शासनादेश में आदेश दिया है कि जिलाधिकारी स्वीकृत धनराशि की देखरेख अपने स्तर से करेंगे। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि तीन माह की कार्य की प्रगति की रिर्पोट सीएम कार्यालय को देनी होगी। इसके साथ ही निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा कराया जायेगा। जिलाधिकारी




कार्य की प्रगति की रिपोर्ट निरंतर एवं गहन समीक्षा करते हुये कार्य का निर्धारण समय में सारिणी के अनुसार समयवद्ध रूप से पूर्ण करायेंगे। स्पष्ट निर्देश है समय से कार्य पूर्ण न होने पर कार्यदायी संस्था की पूर्ण जिम्मेंदारी होगी। इधर नगर के शमशान घाट के सोन्दर्यकरण से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। 94 लाख की धनराशी से प्रस्तावित कार्य में जलाने का शैड, चाहरदीवारी, छायादार पौधे, पीने के पानी के लिए समर्सिवल ,शौचालय, पक्का रास्ता आदि का निर्माण किया जायेगा। शमशान घाट में चारदीवारी न होने से असमाजिक तत्वों की नजर शमशान कीं भूमि पर रहती थी, चारदीवार होने से शमशान घाट की भूमि को भी सुरक्षित किया जायेगा।

''प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा पर नानकमत्ता विधानसभा में स्थित शमशान घाट के लिए 94 लाख की धनराशि स्वीकृत कर क्षेत्र की जनमानस के बीच अपनी छाप छोड़ दी है। नानकमत्ता विधानसभा से सीएम धामी का गहरा नाता है। वह हमेंशा यहां के विकास के लिए सोचते है। उनका प्रेम यहां की जनता के साथ ही विकास से भी है। **( डा० प्रेम सिंह राणा,पूर्व विधायक )**

''शमशान घाट समित कई वर्ष से शमशान घाट की भूमि की सुरक्षा एंव सोन्दर्यकरण निर्माण आदि को लेकर शासन में पत्राचार कर रही थी। जनप्रतिनिधि भी लगातार प्रयास में थे, सीएम धामी की घोषणा से शमशान घाट में बारिश के मौसम में शव जलाने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने सीएम धामी को आभार व्यक्त किया है। **( विरेन्द्र तिवारी, अध्यक्ष-शमशान घाट समिति नानकमत्ता )**



'' प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शमशान घाट के सौन्दर्यीकरण की धनराशि स्वीकृत कर नानकमत्ता साहिब की जनता का दिल जीत लिया है। उनके द्वारा स्वीकृत धनराशि पर उनका विशेष आभार व्यापारी करते हैं और भविष्य में क्षेत्र के विकास के लिए उनसे और अधिक अपेक्षा करते है। उनका समस्त व्यापरियों की तरफ से आभार है। **( उमेश अग्रवाल, समाजसेवी एंव व्यापारी नेता,नानकमत्ता )**



# जलाभिषेक करने शिवालयों में उमड़े शिव भक्त

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर आज सभी शिवालयों में प्रात: से ही हजारों की संख्या में शिव भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को उमड़ पड़े। मंदिरों में प्रात: से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं थीं। उन्होंने भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर विधि विधान से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान सभी शिवालय भगवान शंकर के जयघोषों से गुंजायमान हाते रहे। शिवालयों में शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री अर्पित करने के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, भदईपुरा, आदर्श



इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, संजय नगर, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, भूरारानी, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों की कई दुकानें सजी हुईं थीं। साथ ही मंदिरों को फूलमालाओं व रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेक मंदिरों में शिव भक्तों द्वारा धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने किया नीलकंठ मंदिर पैदल मार्ग का निरीक्षण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश का पालन करते हुए पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने नीलकंठ पैदल मार्ग का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला पंचायत व वन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि साफ-सफाई व दुकान व्यवसाय द्वारा खानपान की सामग्री में अतिरिक्त शुल्क लिए जाने पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने नीलकंठ मंदिर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि कांवड़ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं पर किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क न लें। उन्होंने कई दुकानों पर एक्सपायर सामान को जब्त करते हुए संबंधित दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस, वन विभाग व जिला पंचायत के अधिकारियों को कहा कि नीलकंठ मंदिर में आ रहे काँवड़ियों व स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से नशे की बिक्री ना की जाय, इसका विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान काँवड़ियों ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि पैदल मार्ग से लेकर मंदिर परिसर तक किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस दौरान उप जिलाधिकारी चतर सिंह चौहान, अधिशासी अभियंता लोनिवि डीपी सिंह, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, नायब तहसीलदार जयकृत रावत, राजस्व उप निरीक्षक विवेक कुमार सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबी गांव में पहली बार बजी फोन की घंटी

पिथौरागढ़ । उत्तराखंड में व्यास घाटी के चीन सीमा से सटे माइग्रेशन ग्राम पंचायत नाबी (10500फीट) में आजादी के बाद पहली बार फोन की घंटी बजी। ग्रामीणों ने निचली घाटी में रह रहे अपने परिजनों को फोन से बात कर खुशी जताई। बता दें कि जियो ने ग्राम पंचायत नाबी में संचार सुविधा शुरू करा दी है, जिसके चलते अब स्थानीय ग्रामीण और आदि कैलाश यात्रियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों को भी संचार सुविधा का लाभ मिलेगा। ग्राम प्रधान नाबी सनम देवी और होम स्टे संचालक मदन सिंह नबियाल ने संचार सुविधा उपलब्ध कराने पर सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने संचार सुविधा मिलने पर आपदाकाल या अन्य आपातकाल में समय से प्रशासन को सूचना दे पाएंगे। ग्राम पंचायत गुंजी में दो साल से लगा मोबाइल टावर अभी तक शुरू नहीं हुआ है।सरपंच लक्ष्मी गुंज्याल ने बताया की पिछले साल ग्राम पंचायत कुटी और इस वर्ष ग्राम पंचायत नाबी में संचार सुविधा शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि व्यास घाटी का महत्वपूर्ण गांव गुंजी दो साल से संचार विहीन है। जियो कंपनी के इंजीनियर आदित्य विक्रम और विकास कुमार ने बताया कि ग्राम गुंजी के टावर में कुछ टेक्निकल दिक्कत होने से नेटवर्क शुरू होने में देरी हुई है। ग्राम गुंजी में संचार सुविधा शीघ्र ही शुरू कराने की उम्मीद है।



# हमें हिंदू मुस्लिम की दुकान से कोई दिक्कत नहीं, सुविधा होगी

हरिद्वार। सावन के पावन महिने में हरिद्वार से कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है। कांवड़ रूट पर पिछले पांच दिनों से कांवड़ियों की भीड़ दिखाई देने लगी है। आप को बता दें कि उत्तर प्रदेश की भांति उत्तराखंड में भी अब कावड़ यात्रा मार्ग में सभी दुकानदारों एवं ठेली विक्रेताओं को अपना व्यक्तिगत विवरण लिखना होगा तथा कोई भी होटल एवं ढाबा मालिक लहसुन- प्याज का इस्तेमाल नहीं करेगा तथा मांसाहारी भोजन नहीं बनाएगा। 22 जुलाई से शुरू हो रहे कावड़ मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने इस बार कई अलग व्यवस्थायें की हैं। मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने, श्रद्वालु शिवभक्तों के सकुशल अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करने के दौरान खास सर्तकता बरतते हुए उत्तराखण्ड पुलिस ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस की तरह ही कावड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाले तमाम होटल, ढाबा संचालकों को जरूरी निर्देश जारी किए गए हैं। इसी को लेकर कुछ वक्त पहले ही मुख्यमंत्री धामी की तरफ से जानकारी दी गई है। इसमें उन्होंने लिखा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी कारोबारियों की पहचान को सार्वजनिक रखने की व्यवस्था बनाई गई है। ये फैसला किसी को नुकसान पहुंचाने या टारगेट करने का नहीं है। ये आदेश कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लिया गया है। कांवड़ियों का कहना है कि हमें हिंदू मुस्लिम की दुकान से कोई दिक्कत नहीं है। हर साल हम कांवड़ ले जाते हैं और हिंदू और मुस्लिम दोनों की दुकानों से सामान खरीदते हैं। लेकिन ऐसा कोई भेदभाव नहीं होता। कुछ कांवड़ियों ने कहा कि ये उत्तराखंड सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का ये सही फैसला है। लेकिन किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। कुछ कांवड़ियो का कहना है कि पहले हमें दिक्कत होती थी लेकिन इस फैसले के बाद हमें सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि ये बिल्कुल सही कदम है।



# बाबा अमरीक गैंग के तीन गुर्गे गिरफ्तार

देहरादून। जमीन की खरीद-फरोख्त में 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने बाबा अमरीक सिंह गिरोह के तीन और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का एक सदस्य पहले गिरफ्तार हो चुका था। गिरोह के सदस्यों पर उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों में 18 मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरोह जमीन से संबंधित धोखाधड़ी के लिए कुख्यात है, जिसने देशभर के लोगों से सैकड़ों करोड़ रुपये की ठगी की है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में भी दबिश दे रही है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि राजपुर क्षेत्र निवासी गोविंद सिंह पुंडीर की शिकायत पर 21 मार्च को एक मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने पुलिस को बताया था कि अगस्त 2023 में अमजद अली निवासी छुटमलपुर अदनान नाम के व्यक्ति के साथ उनसे मिला था। अजमद अली ने गोविंद के बड़े भाई को बताया था कि बुढ़ामल समिति नादेड़ महाराष्ट्र के एक बड़े बाबा अमरीक सिंह स्कूल और आश्रम बनाने के लिए जमीन देख रहे हैं। लेकिन, जमीन खरीदने से पहले वह जमीन की मिट्टी खुद चेक करते हैं। इस पर गोविंद सिंह और उनके बड़े भाई ने अपनी जमीनों की मिट्टी उन्हें उपलब्ध करा दी। अमजद व अदनान एक सप्ताह बाद फिर से गोविंद सिंह के पास आए और कहा कि बाबा ने उनकी मिट्टी जांच में फेल कर दी है। इसके बाद 18 सितंबर 2023 को अमजद अली, राम अग्रवाल, सचिन गर्ग उर्फ छोटा काणा, मुकेश गर्ग उर्फ बड़ा काणा, सुमित बंसल, अर्जुन शेखावत, रणवीर, अदनान आदि सभी लोग गोविंद सिंह के पास आए। उन्होंने गोविंद से कहा कि करनाल के कुछ लोग अपनी जमीन बेच रहे हैं। इनकी जमीनों की मिट्टी पास हो गई है। ऐसे में इन किसानों को जमीन खरीदने का बयाना दे दें तो बाबा गोविंद सिंह को अपना पार्टनर बना लेंगे। इन लोगों पर विश्वास करते हुए गोविंद सिंह और उनके भाई ने दो बार में आरोपियों को 15 करोड़ रुपये दे दिए। लेकिन, जब वे रजिस्ट्री कराने के लिए करनाल गए तो उन्हें बताया गया कि जमीन के मालिक का भाई बीमार है। गोविंद सिंह दोबारा करनाल गए तो उन्हें बताया गया कि बाबा अमरीक सिंह को पुलिस ने पकड़ लिया है और छोड़ने की एवज में छह करोड़ रुपये मांग रहे हैं। इसी तरह आरोपी गोविंद और उनके बड़े भाई को टालते रहे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। बाकी की तलाश में कई राज्यों में दबिश दी गई। इस बीच तीन आरोपियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर लिया गया। इनके नाम अमजद अली निवासी छुटमलपुर, फतेहपुर, शरद गर्ग निवासी जगादरी, यमुनानगर और साहिल निवासी अमर विहार कॉलोनी, जगादरी हैं। एसएसपी ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# रिश्वतखोर वन क्षेत्राधिकारी और बीट अधिकारी निलंबित

देहरादून। अवैध खनन के लिए घूस लेने के वायरल वीडियों का मामला सामने आने के बाद वन विभाग ने आरोपी वन क्षेत्राधिकारी और बीट अधिकारी को निलंबित कर दिया। वहीं, वन दरोगा के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के लिए वन संरक्षक शिवालिक वृत्त को पत्र लिखा गया है। निलंबित रेंज अधिकारी को वन संरक्षक गढ़वाल वृत्त पौड़ी के कार्यालय से संबद्ध किया गया है। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालसी की चौहड़पुर रेंज में रिश्वत लेने के वायरल वीडियों को विभाग ने गंभीरता से लिया है। मामले में आरोपी वन क्षेत्राधिकारी सुनील गैरोला और बीट अधिकारी सचिन कुमार को निलंबित कर मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। रेंज अधिकारी को प्रमुख वन संरक्षक ने निलंबित किया है। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई 2024 को सोशल मीडिया में वायरल हो रहे ऑडियों, वीडियों में रेंज अधिकारी को अनुचित रूप से धनराशि लेते दिखाया गया है। वहीं, आरोपी वन दरोगा नरेंद्र गौड़ के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के लिए प्रभागीय वनाधिकारी भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालसी ने वन संरक्षक शिवालिक वृत्त को पत्र लिखा है। भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालसी की चौहड़पुर रेंज में रिश्वत लेने का वीडियों वायरल हुआ था। वीडियो में अवैध खनन के लिए दो-दो हजार रुपये की रिश्वत लेते दिखाया गया है।

# लिव इन रिलेशनशिप से बढ़ रहे महिला उत्पीड़न के मामले

## राज्य महिला आयोग में तीन महीनों में महिलाओं के उत्पीड़न के मामलों की 650 शिकायतें पहुंची



देहरादून। उत्तराखंड की वादियों में बिन फेरे हम तेरे का चलन यानी लिव इन रिलेशनशिप जितनी तेजी से बढ़ रहा है उतनी ही तेजी से महिला उत्पीड़न के मामले भी बढ़ रहे हैं। राज्य महिला आयोग के आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं। आयोग के पास पिछले तीन महीनों में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित करीब 650 शिकायतें पहुंची हैं, जिनमें से 300 से अधिक की जड़ में लिव इन रिलेशनशिप का विवाद है। उत्पीड़न के अधिकतर मामले उत्तराखंड के शहरी क्षेत्र देहरादून, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर से हैं। राज्य महिला आयोग के मुताबिक, पिछले कुछ सालों में लिव इन रिलेशनशिप के चलते महिलाओं के साथ उत्पीड़न की शिकायतें हैरतंगेज तरीके से बढ़ी हैं। आयोग को अप्रैल से जून माह के बीच जो शिकायतें मिलीं, उनमें महिलाओं और किशोरियों का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न, जानमाल की सुरक्षा (धमकी), अवैध संबंध, दुष्कर्म और छेड़खानी की शिकायतें सबसे ज्यादा हैं। अधिकतर मामलों में आरोपी परिचित हैं या फिर लिव इन पार्टनर रह चुका है। लिव इन रिलेशनशिप के बढ़ते विवादों के पीछे सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका सामने आ रही है। युवतियों की काउंसलिंग से पता चला कि कैसे वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अंजान युवक के संपर्क में आईं और घर वालों से छिपाकर रिश्ते बना लिए। जिन्हें अपना संसार समझ लिया, वह बाद में शादीशुदा निकला या उसकी मंशा गलत थी। कुसुम कंडवाल अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग के अनुसार आपसी वैचारिक मतभेद की शिकायतें भी सामने आई हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, उन्हें अपने बच्चों के प्रति सजग रहने जरूरत है।आयोग को प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के नियमावली लागू होने का इंतजार है। यूसीसी की नियमावली बनाने की प्रक्रिया में राज्य महिला आयोग के सुझाव भी अहम रहे हैं। लिव इन रिलेशनशिप में युवतियों के शोषण और विवादों की बाढ़ को देखते हुए लिव इन रिलेशनशिप को नियम–कानून के दायरे में लाया गया है। अक्तूबर में यूसीसी लागू होने के बाद लिव इन रिलेशन में रहने या उससे बाहर निकलने के लिए सरकारी वेबसाइट पर सूचना देना अनिवार्य होगा, अन्यथा दंड का प्रावधान है। 18 से 21 साल की उम्र के बीच लिव इन रिलेशन में जाने वालों पर रोक भले नहीं होगी, लेकिन उनके पंजीकरण पर अभिभावकों को सरकार सूचना देगी। साथ ही ऐसे कई प्रावधान हैं, जिससे युवतियों का शोषण रोका जा सके और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके।

# टैक्सी चालक की गोली मारकर हत्या



रूड़की। रुड़की में एक निजी कंपनी के टैक्सी चालक की रविवार को सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली चालक के सीने के आर–पार हो गई। आरोपियों ने उसका शव थिथौला गांव के पास गन्ने के खेत में फेंक दिया और वहां से फरार हो गए। टैक्सी रुड़की–मंगलौर रोड पर लावारिस हालत में खड़ी मिली है। आपियों ने दिल्ली से हरिद्वार आने के लिए टैक्सी बुक की थी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक चंद्रपाल (24) निवासी ग्राम खदेवरा थाना हरियावा, जिला हरदोई, उत्तरप्रदेश एक टैक्सी कंपनी का चालक है। कुछ लोगों ने हरिद्वार आने के लिए उसकी टैक्सी ऑनलाइन बुक की थी। दिल्ली से यह लोग टैक्सी में सवार होकर निकले थे। रविवार की सुबह कुछ लोगों ने मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के थिथौला गांव के पास गन्ने के खेत में एक युवक का शव पड़ा देखा। मृतक के सीने से खून बह रहा था। शव देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को मृतक के पास मोबाइल मिला। जिसकी लोकेशन खुली हुई थी। मोबाइल से पता चला कि वह एक कंपनी की टैक्सी का चालक है। मोबाइल के जरिए उसकी शिनाख्त चंद्रपाल के रूप में हुई। शव को देखने पर पता चला कि उसके सीने में गोली लगी है। पुलिस को मृतक के शव के पास एक रस्सी भी पड़ी मिली। छानबीन में पता चला कि टैक्सी गायब है। इसके बाद पुलिस ने टैक्सी की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर टैक्सी को रुड़की–मंगलौर मार्ग पर सड़क किनारे से लावारिस हालत में बरामद कर लिया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है। प्रभारी निरीक्षक अमर चंद शर्मा ने बताया कि चालक का मोबाइल भी उसके पास मिला है। साथ ही टैक्सी भी बरामद हुई है। ऐसे में लूटपाट नहीं लग रही। पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

# लोकतंत्र सेनानी दूधनाथ मिश्रा का निधन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।बाल्यकाल से हिन्दू राष्ट्र की अलख जगाने वाले लोकतन्त्र सेनानी दूधनाथ मिश्रा का सोमवार तड़के आकस्मिक निधन हो गया। वे 84 साल के थे। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश/ उत्तराखण्ड लोकतन्त्रसेनानी सँघ ने गहरा शोक व्यक्त किया है । लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा कि डी.एन.भाई मिश्रा जी क महान संघर्षशील योद्धा थे। उन्होंने कभी सिद्धांतो से समझौता नहीं किया और आजीवन संघर्षरत रहे वे किसानों की समस्याओं के प्रति हमेशा जागरूक रहे उत्तराखण्ड किसान मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने किसानों के हितों के लिए व्यापक आवाज उठाई और गन्ना मूल्य पर सरकार को झुकने पर मजबूर किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक सँघ के प्रति उनकी निष्ठा अटूट थी आपातकाल के दिनों में उन्होंने सक्रिय: रह कर लोगों को तानाशाही के विरुद्ध जागरूक किया और आपातकाल के विरुद्ध गिरफ्तारी दी वे हल्द्वानी तथा बरेली सेंट्रल जेल में कई महीने तक बन्द रहे । उनके निधन पर प्राण ठक्कर , कस्तूरी लाल तागरा , अभिनव छाबड़ा , कमल चिलाना, जगदीश कुमार छाबड़ा, राजीव गगनेजा, ललित मोहन गोयल , पवन कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र खंडेलवाल, इन्द्रजीत डंग तथा नरेन्द्र गगनेजा समेत तमाम लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है । लोकतन्त्रसेनानी सँघ ने उनके निधन पर शोक प्रस्ताव पारित कर सरकार से उनके गांव इंद्रपुर तहसील किच्छा में उनकी मूर्ति स्थापित करने की मांग की है ।




# ट्रेन से लौट रहे पिता की मौत से मचा कोहराम

हल्द्वानी। दमुवाढूंगा से बेटे का एडमिशन कराने कानपुर गए पिता की वापसी में ट्रेन में लाश आई। वह कई किलोमीटर दूर से बेसुध होकर लालकुआं स्टेशन पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत से स्वजन में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार, जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी 47 वर्षीय कमलकांत छिम्वाल एक दवा कंपनी में काम करते थे। उनके स्वजन भूपेश छिम्वाल ने बताया कि कमलकांत के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा पैथोलाजी कोर्स कर रहा है, जबकि दूसरे बेटे का आइआइटी कानपुर में चयन हुआ है। कमलाकांत छोटे बेटे का एडमिशन कराने कानपुर गए थे। शुक्रवार की रात को उन्होंने स्वजन को काल किया और ट्रेन से लौटने की बात कही थी। इसके बाद उनसे बात नहीं हो सकी। देर रात तक स्वजन उन्हें फोन करते रहे, लेकिन फोन नहीं उठा। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह सात बजे ट्रेन लालकुआं पहुंची। इस बीच उनका फोन अनजान व्यक्ति ने उठाया और जानकारी दी कि कमलकांत ट्रेन में बेसुध पड़े हैं। तत्काल उन्हें एसटीएच लाया गया, मगर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी, मगर किसी को पता नहीं चला। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कही है।




# 12 दिन में 3 किशोरियों हो चुकी गायब, परिजन चिंतित

## नाबालिक किशोरियों, किशोरों का सोशल मीडिया से जुड़ाव बना घातक



सितारगंज(उद संवाददाता)। महज 12 दिन में अलग, अलग स्थानों से तीन किशोरियां लापता हो गई। पुलिस ने किशोरियों के परिजनों की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी सकुशल बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए। जिसमें से एक किशोरी को बरेली जिले के बहेड़ी से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि दो अन्य किशोरियों के परिजन किशोरियों के न मिलने से बेहद चिंतित है। कोतवाली क्षेत्र के अलग–अलग स्थान से लगभग 14 वर्षीय, 16 वर्षीय तीन किशोरियों रहस्य में ढंग से लापता हो गई। किशोरियों के परिजनों ने अलग–अलग तहरीर देकर थाने में गुमशुदगी, अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोरियों की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस ने छानबीन तेज कर दी है। बालिकाओं के लापता होने पर उनके परिजन चिंतित है। परिजनों को किशोरियों के समय रहते बरामद न होने के कारण उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता सता रही है। एक प्रकरण में पुलिस ने गायब हुई किशोरी को बहेड़ी से बरामद किया है। मामले में एक आरोपी भी गिरफ्तार हुआ है। गौरतलब है कि नाबालिक किशोरियों, किशोरों के मन में गलत भावनाओं के उत्पन्न होने के पीछे सबसे बड़ी वजह सोशल मीडिया, इंस्टाग्राम से जुड़ाव को माना जा रहा है। आधुनिक माहौल में बालक बालिकाएं सोशल मीडिया दिखाएं जाने वाली चीजों को अपना रहे है। जिनमें गलत चीजों पर बालक बालिकाएं का ध्यान अत्यधिक आकर्षित हो रहा है। इसे रोकने के लिए माता–पिता सजग होना आवश्यक है। बच्चों को छूट देना गलत नहीं है लेकिन उन पर निगरानी रखना भी माता पिता का प्रथम कर्तव्य है।

### परिजनों की अधिक छूट भी बन रही समस्याः सुमन राय



सितारगंज। किशोरियों के गायब होने के पीछे अधिकांश मामलों में अशिक्षा का बड़ा महत्व है। बाल संरक्षण आयोग सदस्य सुमन राय ने बताया कि एक तरफ माता, पिता में शिक्षा की कमी बच्चों को अधिक छूट दिए जाने की वजह से इस तरह की अधिकाश घटनाएं घटित हो रही है। उन्होंने कहा शिक्षा के नाम पर बच्चों को अधिक छूट न दे। बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना हर माता, पिता का कर्तव्य है। लेकिन आजकल के आधुनिक माहौल में आधुनिक बच्चों के माता–पिता की तरफ से कम ध्यान दिए जाने की बाते सामने आ रही है।

लापता तीन किशोरियों में से दो को बरामद किया गया है। पुलिस शेष बची किशोरी को बरामद करने के लिए लगातार दविश दे रही है। अधिकाश मामलों में पूछताछ के जरिए पता चला है कि किशोरियों के बहकने के पीछे सोशल मीडिया मुख्य रूप से जिम्मेदार है। माता, पिता अपने बच्चों को खुद की देखरेख में ही सोशल मीडिया का उपयोग करने दे। इस तरह की घटनाओं को लगाम लगाने के लिए अभिभावकों को अहम भूमिका अदा करनी होगी।

**–बबीता, उप निरीक्षक कोतवाली सितारगंज**

# वैश्य महिला समिति की मंजू अध्यक्ष व स्नेहलता गुप्ता महामंत्री मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा पदाधिकारियों के देख रेख में आज वैश्य महिला समिति चुनाव आयोजित कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से श्रीमति मंजू वार्ष्णेय को अध्यक्ष और स्नेहलता गुप्ता को महामन्त्री पद पर मनोनीत किया गया। वैश्य ममाज के सभी उपस्थित लोगो ने दोनो पदाधिकारियो पर विश्वास व्यक्त किया कि वह वैश्य समाज के सभी घटको को साथ लेकर महिला उत्थान उत्थान एवं सामाजिक समरसता के लिए कार्य करेगी। नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती मंजू वार्ष्णेय ने वैश्य महासभा के सभी उपस्थित पदाधिकारियों का



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उनके विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगी। साथ ही समाज की सभी महिलाओं को समिति के बैनर तले एकजुट करके सभी को साथ लेकर कार्य करेंगी। चुनाव में मुख्य रूप में सुशील अग्रकल (पप्पी), विनय लाहोटी, श्रीकांत खण्डेलवाल, अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता, युवा अध्यक्ष अतुल जायसवाल, युवा मंत्री कपिल अग्रहरी, भवानी शंकर नीरज, सुमित केसरवानी, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रत्याशी गुलशन सिंधी ने प्रचार में झोंकी ताकत

## अध्यक्ष पद पर तीन, महामंत्री पर के तीन एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु दो प्रत्याशी मैदान में अध्यक्ष पद के दावेदार रहे राजीव सक्सेना, इम्तियाज मलिक ने दिया सिंधी को समर्थन



किच्छा( उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर इकाई के चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार गुलशन सिंधी ने जबरदस्त चुनाव प्रचार कर अपने पक्ष में मतदान करने की व्यापारियों से अपील की। उनके प्रचार का असर नजर आने लगा है। मुसलमानों के वरिष्ठ नेता इम्तियाज मलिक, सामाजिक एवं राजनीतिक नेता राजीव सक्सेना व भूपेंद्र पपनेजा उर्फ बंटी पपनेजा ने गुलशन सिंधी को अपना समर्थन देते हुए उनके प्रचार अभियान में पूरी ताकत लगा दी है। अध्यक्ष प्रत्याशी गुलशन सिंधी ने आज भी विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक संपर्क अभियान चलाया उनके समर्थकों द्वारा प्रत्येक व्यापारी से संपर्क साधकर गुलशन सिंधी को विजयी बनाने की अपील की। गुलशन सिंधी के समर्थन में आए इम्तियाज मलिक एवं बंटी पपनेजा ने गुलशन सिंधी के साथ नगर के बोरिंग गली, ट्रांसपोर्ट नगर बंडिया क्षेत्र के अलावा कई क्षेत्रों का ताबड़तोड़ प्रचार कर प्रत्येक व्यापारी से संपर्क किया तथा गुलशन सिंधी को कामयाब बनाने की अपील की गई।उल्लेखनीय है कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से माहौल गर्म था तथा चुनाव संपन्न कराने और न करने को लेकर के उहापोह की स्थिति बनी हुई थी जिसमें प्रशासन ने भी अपना संज्ञान लेना शुरू कर दिया था तथा दोनों पक्षों से अभिलेख उपलब्ध कराने की बात कही थी इसी क्रम के चलते दोनों पक्षों द्वारा प्रशासन के सम्मुख चुनाव के संबंध में अभिलेख प्रस्तुत किए गए थे। प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए दोनों पक्षों के कई लोगों को निरुद्ध करते हुए शांति व्यवस्था कायम करना सुनिश्चित किया हुआ है। चुनाव प्रक्रिया के चलते हुए चुनाव समिति द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु सदस्यता अभियान चलाते हुए चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को संपादित कर नामांकन कराए गए तथा नाम वापसी भी की गई जिसके चलते अध्यक्ष पद हेतु तीन प्रत्याशी, महामंत्री पद हेतु तीन प्रत्याशी एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु दो प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। नाम वापसी के बाद गत दिवस अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी द्वारा नगर में प्रचार अभियान शुरू किया गया तथा प्रत्येक व्यापारी से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। गुलशन सिंधी के प्रचार अभियान को देखते हुए अन्य दो प्रत्याशियों द्वारा भी अपना प्रचार अभियान छेड़ दिया गया है जिससे नगर व्यापार मंडल का चुनाव दिलचस्प हो गया है तथा अभी से हार जीत के आंकड़े लगने शुरू हो गए हैं क्योंकि 25 जुलाई को मतदान के कुछ ही घंटे बाद मतगणना करते हुए विजयी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी।चुनाव प्रचार के दौरान व्यापारी नेता गुलशन सिंधी ने व्यापारियों से आह्वान करते हुए कहा कि यदि व्यापारियों ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना तो वे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर समय तैयार रहेंगे तथा लड़ाई लड़ते रहेंगे उन्होंने यह भी कहा कि उनका मकसद नगर के व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करते रहना है।चुनाव प्रचार में संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पक्ष विपक्ष का होना अनिवार्य है। विरोध व समर्थन लोक तंत्र का बहुमूल्य आधार है। इसलिए वे उनका भी स्वागत करते हैं जो उनका समर्थन नहीं कर रहे है तथा उनसे भी निवेदन करते हैं कि वह अपना अमूल्य वोट देकर उन्हें विजयी बनाएं ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा की जा सके। चुनाव प्रचार के दौरान गुलशन सिंधी के साथ व्यापारी अक्षय बाबा, ताराचंद सिंधी, दुर्गेश गुप्ता, रिजवान, निक्की , एन यू खान, धर्म सिंधी विवेक मुंजयाल सरन पुरे वाल ,राजेंद्र मुंजाल, राजीव सक्सेना ,विक्की खान, नरेंद्र वासवानी,भानु वासवानी, रिजवान, अजहर जैदी आदि शामिल थे।

# वैष्णवी शक्तिपीठ में धूमधाम से मना गुरू पूर्णिमा पर्व







रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज के स्थान वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम , आदर्श कॉलोनी में रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मां जी के भक्तों का मंदिर प्रांगण में तांता लगा रहा । परम पूज्यनीय माता जी ने गुरु पूर्णिमा पर अपने भक्तो को आशीर्वाद दिया । साथ ही मां जी को भक्तो ने हार पहनाकर व दक्षिणा देकर चरण वंदना की। भजन कीर्तन के माध्यम से भक्तो ने मां हंसेश्वरी भारती का आह्वान किया और गुरु चरणों में शीश झुकाया। आरती के उपरांत भंडारे का प्रसाद भक्तो ने ग्रहण किया। इस अवसर पर महंत भजन प्रकाश अरोरा , विकाश शर्मा , सुनील ठुकराल , संदीप बाजवा , वेद ठुकराल , श्याम खुराना , सतनाम सिंह हरजीत राठी, तारा चंद , राजीव ग्रोवर , राजेश आनंद , लक्ष्य शर्मा , नरेश गई , सुनीता अरोरा , कंचन , सीमा , आशा , निशा , कपिल , अनिल , जितेंद्र आदि लोग मौजूद थे।

# रामायण पाठ का हुआ शुभारम्भ

खटीमा( उद संवाददाता)। सनातन श्री रामलीला पत्र परिषद द्वारा शिव मंदिर खटीमा में एक माह तक चलने वाले रामायण पाठ का विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ पंडित मुकुल दत्त भट्ट के सानिध्य में रामायण पाठ पूजन प्रारंभ किया गया। सावन माह में मंदिर परिसर में लगातार पूरे सावन के महीने में रामायण का पाठ आयोजित किया जाएगा, विषेश पूजा अर्चना एवं विधि विधान के साथ सनातन श्री रामलीला पत्र परिषद के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, चिरंजीव बत्रा, रामलीला पात्र परिषद के आमंत्रित सदस्य मनोज वाधवा, पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल विजय गुप्ता, सदस्य अनिल अग्रवाल ,इंद्रेश कुमार, पप्पू सक्सेना, पोंगल कक्कड़ , भगवान दास, अजय गुप्ता आदि रामायण के पाठ के प्रारम्भ होने के अवसर पर पूजा अर्चना मे भाग लिया।



# संस्कार भारती ने धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

रूद्रपरु (उद संवाददाता)।संस्कार भारती रुद्रपुर महानगर इकाई द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव सिटी क्लब में बड़े धूमधाम से मनाया गया। नटराज भगवान की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राम जी मौर्य प्रोफेसर पंतनगर विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता अशोक जयसवाल,जिला संघ चालक उधम सिंह नगर कार्यक्रम के अध्यक्ष रंजीत रवि कुमार प्रबंधक हल्दीराम कंपनी, संस्कार भारती रुद्रपुर महानगर इकाई अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, प्रांतीय मंत्री विमल मेहरा, प्रांतीय संपर्क प्रमुख युवराज रघुवंशी द्वारा दीप प्रचलित किया गया। तदुपरांत कला गुरु के रूप में डॉक्टर रामजी मौर्य को संस्कार भारती के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अशोक जयसवाल ने गुरु पूर्णिमा की महत्वता को बताते हुए कहा गुरु के मार्गदर्शन में ही व्यक्ति महान बन सकता है। कार्यक्रम में विमला रानी व आयुषी मेहरा ने गीत एवं भजन गाकर गुरु की महत्वता को दर्शाया कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैली बंसल एवं प्रांत मंत्री विमल मेहरा ने किया। इस अवसर पर संरक्षक मंडल के कैलाश अग्रवाल, राजेश श्यामपुरिया,प्रदीप अग्रवाल ,अरुण अग्रवाल, अशोक मित्तल,सुषमा अग्रवाल, राजकुमार बिंदल,चौधरी विनोद फोगाट एवं उपाध्यक्ष हरवीर चौधरी एवं कोषाध्यक्ष श्याम मोहन कांडपाल, श्रीमती रश्मि रस्तोगी,उषा नरेंद्र जैन,दीप्ति रंजीत, शालिनी बोरा,कमलेश बिष्ट,दीपा जोशी,ताराचंद अग्रवाल,विजय अग्रवाल ,दीपक कटारिया, सुनील शुक्ला एवं मीडिया प्रभारी अशोक सागर व ललित शर्मा एवं नरेंद्र बंसल प्रमोद यादव जी मनीष खनिजों ने आदि उपस्थित थे।




# पत्रकार प्रेस परिषद काशीपुर इकाई का विस्तार

## महानगर संरक्षक बने सुनील कोठारी ,उपाध्यक्ष बने अजय सक्सेना

काशीपुर( उद संवाददाता)। गंगे बाबा रोड स्थित पत्रकार प्रेस परिषद के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार उमेश कश्यप द्वारा की गई। बैठक का संचालन महासचिव आरिफ खान ने किया। पत्रकार प्रेस परिषद के महानगर अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी ने पत्रकार प्रेस परिषद के नये सदस्य बनने पर उनका स्वागत अभिनंदन किया ,फूल माला डालकर हौसला आफजाई की। संगठन का विस्तार करते हुए महानगर संरक्षक सुनील कोठारी, उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, सदस्य मनोज पंत को मनोनीत किया गया। संगठन ने नए सदस्यों से उम्मीद है कि भविष्य में संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे तथा संगठन की नीतियों को पत्रकारों तक पहुँचयागे,तथा पत्रकारो के हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। संरक्षक सुनील कोठारी ने पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक मे प्रस्ताव रखा कि हिंदी साप्ताहिक, पाक्षिक,मासिक समाचार पत्रों के जुड़े पत्रकारो के साथ शोषण किया जा रहा है उनके हितों को लेकर जल्दी मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी और साप्ताहिक पाक्षिक, मासिक समाचार पत्रों के काफी समय से भुगतान लंबित है इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री व सूचना एवं लोक संपर्क विभाग देहरादून के महानिदेशक से मिल जाएगा। महानगर अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद का उद्देश्य स्वच्छ एवं निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देना है। इस मौके पर संरक्षक सुनील कोठारी,काशीपुर महानगर अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार उमेश कश्यप, महासचिव आरिफ खान, उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, सदस्य मनोज पंत सदस्य योगेश कश्यप आदि पत्रकार मौजूद थे।





# कौशल्या मंदिर में सावन माह की पूजा अर्चना प्रारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव परिसर में स्थित कौशल्या मंदिर प्रांगण में श्रावण मास के पहले सोमवार को आज प्रात: पांच बजे से ही शिवलिंग पर जल चढ़ाने के साथ ही सावन माह में किए जाने वाले पूजा व्रत एवं धार्मिक कार्यों की शुरुआत हो गई है। कौशल्या एनक्लेव निवासी ललित दुमका ने बताया कि आज प्रात: मंदिर समिति के लोगों ने जल चढ़ाने के साथ सावन माह के पूजा की शुरुआत की। उसके बाद लगातार मंदिर में भक्तगणों का आना जाना लगा रहा। समिति के लोगों द्वारा बताया गया कि मंदिर में प्रतिवर्ष सावन माह में जल चढ़ाने के साथ ही भव्य तरीके से पूजा अर्चना की जाती है एवं महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किए जाते हैं। सावन माह की पूजा आज से शुरू होकर जन्माष्टमी तक लगातार मंदिर परिसर में भक्तगणों द्वारा की जाएगी। मंदिर समिति द्वारा लोगों से मंदिर के गरिमा बनाए रखने के साथ साथ इस तरह के धार्मिक कार्यों में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने की अपील की है।



# डीएम ने बरसाती नहर का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डीएम वंदना सिंह ने चौफुला जंगलात चौकी के पास बरसाती नहर का निरीक्षण किया। चौफुला जंगलात चौकी के पास बरसात के समय पहाड़ से आने वाला पानी और मलबा फैल जाता है। जिससे वहां रहने वाले लोगों के घरों में इस बरसाती नाले से खतरा बना रहता है। साथ ही चौफुला से चंबल पुल तक नहर कवरिंग कार्य के बाद से पानी की निकासी न होने से भी क्षेत्र में समस्या हो रही है। समस्या के स्थाई और तात्कालिक समाधान हेतु जिलाधिकारी वंदना सिंह ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम को स्थानीय लोगों ने भी सुझाव भी दिए। तात्कालिक समस्या के समाधान हेतु डीएम ने कहा कि क्षेत्र में अलर्ट के दौरान हर समय मौके पर जेसीबी मशीन तैनात रहेगी ताकि यथा शीघ्र हर प्रकार की समस्या का समाधान किया जा सके। इसके साथ ही पूर्व में सिंचाई विभाग द्वारा जंगलात चौकी से चौफुला होते हुए जल निकासी के लिए नाले निर्माण का कार्य प्रस्तावित कर शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है जिसकी लागत लगभग एक करोड़ रुपए है। विभाग द्वारा टेंडर भी कर लिया गया है। इसी के साथ डीएम ने नाले से ऊपर 70 मीटर क्षेत्र में वन और सिंचाई विभाग को संयुक्त सर्वे कर रिपोर्ट देने को कहा। लोगों का कहना था कि अगर नाले को ऊपर डायवर्ट कर दिया जायेगा तो नीचे की ओर पानी भी कम आएगा और आबादी सुरक्षित रहेगी। सिंचाई विभाग द्वारा स्थाई समाधान के लिए तैयार की गई कार्ययोजना के तहत जंगलात चौकी के अपस्ट्रीम में नाले के दोनो पार्श्व में 10 मीटर लम्बाई में आरआर स्टोन मैशनरी 15 की दीवार नाले के दोनो साइड लगाने का प्राविधान किया गया है तथा जंगलात चौकी से चौफुला चौराहा तक 250 मीटर लम्बाई में सड़क की खुदाई कर 1.20 मीटर डाया का ह्यूम पाइप डालकर जलनिकासी का प्राविधान किया गया है। निरीक्षण के दौरान विधायक हल्द्वानी सुमित हृदयेश, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी, तहसीलदार सचिन कुमारसहित क्षेत्रीय लोग मौजूद थे।



# अहिल्या बाई शाखा का किया गठन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विवेकानंद पार्क आवास विकास में उत्तराखंड की पहली महिला शाखा का शुभारंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर प्रांतीय संपर्क प्रमुख श्रीमती कमलेश बिष्ट, श्रीमती अंजू रामपाल, राष्ट्रीय सेविका समिति की महिलाएं व आवास विकास कालोनी की महिलाओं सहित लगभग 50 महिलाएं उपस्थित रहीं। शाखा का नाम अहिल्याबाई शाखा रखा गया है। शाखा पालक श्रीमती निर्मला अरोड़ा, शाखा कार्यवाह श्रीमती मंजू अग्रवाल व मुख्य शिक्षक श्रीमती ममता सिंघल को बनाया गया है। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, राजकुमार खनिजों, राजीव सिंघल, अशोक जायसवाल उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में हर वर्ष सावन मास में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत रविवार को विधिवत शुभारम्भ हुआ। महोत्सव का शुभारंभ पूजा अर्चना व मंत्रोचार के साथ पंडित विजय कुमार शास्त्री जी द्वारा करवाया गया एवं पूजा सभा के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बजाज व उपकोषाध्यक्ष विजय सुखीजा ने परिवार सहित पूजा करवाई। पहले दिन के प्रसाद की सेवा संजीव कुमार डोडा के परिवार द्वारा दी गयी। कथा जो 24 अगस्त तक चलेगी। 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी ने धर्म प्रेमियों से प्रतिदिन सपरिवार पहुंच कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। कथा के आयोजन में श्री सनातन धर्म सभा (रजि0),श्री सनातनधर्म महिला संकीर्तन मंडल,श्री सनातन धर्म युवा मंच का विशेष सहयोग है।



# कर्मचारी शिक्षक संगठन का जिला सम्मेलन सम्पन्न

## पदोन्नत वेतनमान और पुरानी पेंशन बहाली के उठे मुद्दे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तरांचल (पर्वतीय) कर्मचारी शिक्षक संगठन का नैनीताल जिला अधिवेशन सेवायोजन प्रशिक्षण कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने पदोन्नत वेतनमान तथा पुरानी पेंशन बहाली आदि की मांगों को प्रमुखता से उठाया। अधिवेशन में सभी कार्मिकों को पदोन्नति न होने की दशा में पदोन्नति वेतनमान अनुमन्य किए जाने, पदोन्नति हेतु पात्रता अवधि में पूर्व की भांति शिथिलीकरण की व्यवस्था किए जाने, गोल्डन कार्ड की खामियों को दुरुस्त किए जाने, सभी स्तरों की पदोन्नति सूची को तत्काल जारी किए जाने की मांग प्रमुखता से उठी।अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहर कुमार मिश्रा ने विस्तार से संगठन के इतिहास, उपलब्धियों पर बात रखी। उन्होंने कहा इसी संगठन ने 1994 में पृथक उत्तराखंड के लिए 94 दिन की हड़ताल की।1982 में लड़ कर पहाड़ के कार्मिकों को पर्वतीय उप संवर्ग का लाभ दिलवाया। उन्होंने कहा आज संगठन को और मजबूत किए जाने की जरूरत है। हमें लगातार पहल कदमी ले सरकार पर दबाव बनाए रखना होगा। बतौर विशिष्ट अतिथि संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष आरएस ऐरी ने संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी की उपलब्धियों, गतिविधियों पर बात रखी। उन्होंने कहा संगठन सभी कार्मिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए कृत संकल्प है। हमने सरकार से कई दौर की वार्ता की है, कुछ समस्याओं का समाधान हुआ है,कई का होना है। भविष्य में यदि जरूरत पड़ी तो संगठन आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेगा। दूसरे सत्र में जनपद कार्यकारिणी के चुनाव होने हैं। संगठन के मंडलीय अध्यक्ष रमेश जोशी की अध्यक्षता नवेंदु मठपाल के संचालन में सम्पन्न अधिवेशन में मनोज पंत, कुबेर मावड़ी, सोमपाल, नंदराम आर्य,प. ढोढियाल, नंदन गोस्वामी, चंद्रशेखर शर्मा, मोहन राम, डा. प्रेम मावडी, शैलेंद्र धपोला, डा. गोकुल मर्तोलिया, मनीष रस्तोगी, जगदीश टम्टा, नमिता पाठक, ममता जोशी, संगीता जोशी, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला, गिरीश जोशी, सुरेश यादव, रमेश गिरी,चंदन बिष्ट मौजूद रहे।



# चुघ ने खाद्य मंत्री से की कैंप में राशन डिपो बढ़ाने की मांग

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ रुद्रपुर शहर के हर क्षेत्र में जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार भाजपा के आला नेताओं और अधिकारियों से वार्ता कर रहे हैं और प्रयास कर रहे हैं कि रुद्रपुर शहर की व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू हो सके ताकि सरकार की योजनाओं और अन्य चीजों का लाभ आम जनमानस को मिल सके। इसी क्रम में भाजपा नेता चुघ ने खाद्य मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात की, और एक ज्ञापन उन्हें भेंट किया। खाद्य मंत्री को दिए गए ज्ञापन में चुघ ने बताया कि रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप की जनसंख्या अब लगभग एक लाख से अधिक हो चुकी है और 14 हजार लोगों के राशन कार्ड वहां बनाए गए हैं।ऐसे में उसे क्षेत्र के रहने वाली गरीब जनता राशन के लिए दर-दर भटक रही है और उन्हें राशन डिपो पर मिलने वाला राशन उपलब्ध नहीं हो पा रहा।ऐसे में एक अभियान चला कर ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में घर-घर जाकर नए राशन कार्ड बनाने का अभियान प्रारंभ किया जाए ,ताकि सभी को सुचारू रूप से राशन मिल सके, क्योंकि वर्तमान समय में कैंप क्षेत्र में मात्र दो या चार ही राशन डिपो हैं।खाद्य मंत्री ने भाजपा नेता चुघ की बात को गंभीरता से लिया और उन्होंने कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और जनता को लाभ दिया जाएगा। खाद्य मंत्री रेखा ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव जनहित के मुद्दों पर कार्य करती है और भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ जुड़कर सदैव हर समस्या केसमाधान के लिए प्रयास करती है। ऐसे में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों को सरकार के समक्ष रखें ताकि उसका समाधान किया जा सके।



# शिव मंदिर रामलीला कमेटी के अनिल बने अध्यक्ष

## महासचिव वेद भगत,कोषाध्यक्ष जगदीश गुप्ता एवं संरक्षक जयकिशन अरोड़ा बने

गदरपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नं 7 में श्री पुरातन शिवमंदिर द्वारा 57 वर्ष से लगातार होने वाली रामलीला कमेटी का गठन श्री पुरातन शिवमंदिर अध्यक्ष जयकिशन अरोरा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान सर्व सहमति से जयकिशन अरोरा, अमरजीत सिंह,नरेंद्र ग्रोवर,राजेंद्र बेहड़, राजेश गुंबर मिनी एवं सुभाष गुंबर को संरक्षकगण नियुक्त किया गया। वही अनिल कुमार गुंबर को सर्व सहमति से पुरातन शिवमंदिर रामलीला कमेटी अध्यक्ष, महासचिव वेद प्रकाश भगत, कोषाध्यक्ष जगदीश कुमार गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष निशांत सिंघल, सुरक्षा कमांडो अंकुश अनेजा मनोनीत किए गए। इसी क्रम में प्रवीण भगत, राकेश चावला,मनीष अरोड़ा, राजकुमार बटला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वही नाट्य कला परिषद के डायरेक्टर विजय कालरा,उप डायरेक्टर केशव गुंबर,मुख्य व्यवस्थापक मुकेश चावला,क्लब अध्यक्ष मुकेश भगत मिक्की को चुना गया। इस मौके पर जयकिशन अरोरा, प्रवीन भगत,राकेश चावला, सुनील जैन,राजेन्द्र बेहड़, राम अवतार गुप्ता,अनिल गुम्बर, वेद भगत, मनीष गुप्ता,अनिल जैन,राजू बठला,नरेन्द्र ग्रोवर, मुकेश भगत,शैलेन्द्र शर्मा,जगदीश कश्यप,निशांत सिंघल, अक्षित बेहड़, कमल कुमार,यश कालड़ा, वंश गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता,कपिल दुआ, कार्तिक गगनेजा,शिवा दूबे,वंश रस्तोगी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बैंक ऑफ बड़ौदा के 117 वें स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से लोगों में बैंकिंग सुविधाओं और बैंक द्वारा चलाए जाने वाले जनउपयोगी सेवाओं के जागरूकता के लिए क्षेत्रीय कार्यालय रुद्रपुर से मेट्रोपोलिस सिटी तक बाइक रैली निकाली गयी। रैली में कुल 80 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इसके अलावा कुष्ठ रोग आश्रम में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा कुल 50 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान कुष्ठ आश्रम में टेबल फैन भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ मनोज शर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा रुद्रपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख अंजनी कुमार सिंघल, उप क्षेत्रीय प्रमुख संतोष कुमार पाण्डेय व बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। स्थापना दिवस पर क्षेत्र के स्टाफ सदस्यों के लिए हेल्थ चेक अप का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में किया गया। इस हेल्थ चेक अप में कुल 45 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।स्थापना दिवस पर मूल्यवान ग्राहकों एवं पूर्व स्टाफ सदस्यो के लिए क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों ने बताया कि 1908 में स्थापित , बैंक ऑफ बड़ौदा एक छोटे स्थानीय बैंक से बढ़कर एक मजबूत वित्तीय संस्था बन गया है, जिसकी व्यापक उपस्थिति है और नवाचार, ग्राहकसेवा और सामुदायिक जुड़ाव के प्रति प्रतिबद्धता है। वर्षों के दौरान, हमने उल्लेखनीय वृद्धि प्राप्त की है, बैंक ऑफ बड़ौदा ने अत्याधुनिक बैंकिंग समाधान पेश किए हैं और वित्तीय समावेशन और सतत विकास के प्रति अटूट समर्पण बनाए रखा है।





# सुशील कालरा के नेत्रों से दो लोगों को मिलेगी नेत्रों की ज्योति

गदरपुर( उद संवाददाता)। शिवमन्दिर वार्ड न 07 निवासी सुशील कालडा का आकस्मिक निधन हो गया था, दुख की घड़ी में भी भाइयों भारत भूषण,अशोक कुमार,राजू कालरा,अनिल कालरा,श्याम सुन्दर कालरा ने सामाजिक हितों को सर्वोपरि रखते हुए अपने भाई के नेत्रदान हेतु क्षेत्र की नेत्रदानी संस्था 'सोचो डिफरेंट संस्था'से संपर्क कर सी एल गुप्ता आई बैंक के माध्यम से नेत्रदान करवाए। इस दुनिया से जाने के बाद भी सुशील कालडा जी के नेत्रदान से किन्ही दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी। इस महान पुनीत कार्य के लिए कालरा परिवार को नगर के विभिन्न संगठनों जिनमे व्यापार मंडल गदरपुर,सोचो डिफरेंट संस्था,भारत विकास परिषद,पंजाबी महासभा, जय भवानी जागरण मंडल,जियो जिंदगी संस्था आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवम उपस्थित सर्व समाज के लोगों ने कालरा परिवार के समर्पण की भूरी भूरी सराहना की। इस पुनीत कार्य के लिए विशेष सहयोग समन मुंजाल एवं दीपक कालरा द्वारा दिया गया।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जलवायु परिवर्तन की त्रासदी

देश के कई इलाकों में इन दिनों लोगों को भारी बरसात की वजह से बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़नी पड़ रही है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई क्षेत्रों में मानसून के बादल बरसने में संकोच कर रहे हैं। नतीजतन, उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में सवाल है कि आखिर मौसम प्रणाली में इस कदर असंतुलन क्यों पैदा हो रहा है? भारतीय मौसम विभाग की ताजा रपट में कहा गया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में इस वर्ष जून का महीना 31.73 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान के साथ वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म रहा है। इस बीच, दिल्ली में मई से जून के बीच बत्तीस दिन ऐसे रहे, जब तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसके बाद दिल्ली में मानसून की दस्तक के साथ ही चौबीस घंटों में इतना पानी बरसा कि अट्ठासी वर्षों का रिकार्ड टूट गया। उसके बाद हल्की बारिश ही हो रही है, जिससे उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं, पहाड़ी इलाकों में बादल फटने और मैदानी क्षेत्रों में बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पिछले दो-तीन सप्ताह में कई लोगों की जान जा चुकी है। मौसम के इस बदलते मिजाज के पीछे जलवायु परिवर्तन को कारण माना जाता है। यूनिवर्सिटी आफ टेक्सास की ताजा रपट के मुताबिक, मौसम में आ रहे बदलाव जलवायु परिवर्तन के खतरों का संकेत हैं। बढ़ती वैश्विक तपिश से भविष्य में और भी भयावह परिणाम देखने को मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों के पीछे कार्बन उत्सर्जन का बड़ा योगदान है। कार्बन उत्सर्जन का सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है दरअसल, पृथ्वी पर कार्बन उत्सर्जन बहुत तेजी बढ़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है। हवा में बढ़ते 'एयरोसोल सल्फेट' की मात्रा भी धरती का तापमान बढ़ा रही है, जिससे अरब और हिंद महासागर का तापमान बढ़ रहा है और इससे मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में साफ है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत समेत दुनिया भर में हो रहे प्रयासों को गति देने की जरूरत है। तभी मौसम में हो रहे असामान्य बदलावों का असर कम हो पाएगा।

# रिटायर्ड अग्निवीर जवानों को विभागों में नियोजित करने का प्रस्ताव बनाने के निर्देश

देहरादून। अग्निवीर अपने सुरक्षित भविष्य को लेकर आशंकित न रहें इसके लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अधिकारियों को ठोस योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है। यहां के युवा बड़े पैमाने पर भारतीय सेना में भर्ती होते हैं। सेना में चार साल की सेवा पूरी करने के बाद रिटायर्ड जवानों को नियोजित करने में राज्य सरकार अपनी तरफ से कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार



चाहती है कि सेना में 4 साल पूरे होने के बाद भी अग्निवीरों को राज्य में नौकरी व रोजगार के भरपूर अवसर मिलें। रिटायर्ड अग्निवीरों का राज्य की सेवा में भरपूर उपयोग किया जाएगा ताकि उनके नियोजित होने के साथ ही वे भी राज्य के विकास में सहभागी बन सकें। सैनिक कल्याण विभाग इस सम्बंध में प्रस्ताव तैयार करने में जुट गया है। उन्होंने कहा कि मैं खुद एक सैनिक परिवार में पैदा हुआ हूँ। जब देश में यह योजना आई थी, उस समय भी हमने राज्य के बहुत सारे सैनिक अफसरों, सेना के लोगों के साथ, जवानों के साथ, जो सेना में अपना पूरा जीवन लगाकर आए हैं, सबके साथ हमने बैठक की थी और मैंने जून 2022 को ही कहा था कि पुलिस समेत जितने भी हमारे राज्य के अंदर विभाग हैं, हम उनको उन विभागों में समायोजित करेंगे, उनको प्राथमिकता देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर अग्निवीरों के लिए आरक्षण का प्रावधान करना होगा तो मंत्रिमंडल में निर्णय करके हम आरक्षण का प्रावधान भी करेंगे और अगर कोई एक्ट बनाना होगा तो वह भी हम विधानसभा में जरूर लेकर आएंगे।

# श्रावण मास और शिव की महिमा

भारत में श्रावण मास ऐसा महीना है, जिसमें पूरे माह भगवान शिव की आराधना की जाती है। सनातन संस्कृति में इसे सबसे शुभ महीना माना जाता है। इस समय ब्रह्मांड में शिव तत्वों की व्याप्ति हो जाती है। ऐसे में शिवजी की पूजा यदि अनुष्ठानों के माध्यम से की जाती हैं तो शरीर, इंद्रिय और आत्मा शुद्ध बनी रहती है। काल गणना के सौर वर्ष के अनुसार यह पांचवां महीना है। इस माह की विशेषता यह भी है कि इस माह के समाप्त होने के बाद निरंतर पर्वों का सिलसिला शुरू हो जाता है। रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, श्री गणेश महोत्सव, शारदीय नवरात्रि, दशहरा और फिर दीपावली। इस समय लोग स्थानीय शिव मंदिरों में तो जलाभिषेक करते ही हैं, बारह ज्योतिर्लिंगों पर भी पूजा करने जाते हैं।शिव की महिमा इसलिए है, क्योंकि उन्हें ब्रह्म माना जाता है। उनका अस्तित्व प्रत्येक उस प्राणी में माना जाता है, जिसका अस्तित्व है। जब पृथ्वी पर कुछ भी नहीं था, तब भी शिव थे। अतएव उन्हें आदिदेव कहा जाता है। आदिदेव से तात्पर्य है, सर्वोच्च ईश्वर। इसलिए श्रद्धालु सभी ज्योतिर्लिंगों पर दर्शन करने जाते हैं। झारखंड में बाबा बैद्यनाथ धाम पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है। श्रावण के महीने में यहां एक मेला आयोजित होता है, जिसे श्रावण मेला कहते हैं। अनेक श्रद्धालु यहां नंगे पैर चलकर आते हैं और शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित करते है। महाराष्ट्र का त्रयंबकेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर तीन चेहरे उत्कीर्ण हैं, जिनमें ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र विराजमान हैं। ऋग्वेद में रुद्र को शिव ही कहा गया है। गुजरात में सोमनाथ मंदिर भी ज्योर्तिलिंग हैं। श्रावण महीने में यह मंदिर सुबह 4 बजे खुलता है और रात 10 बजे कपाट बंद होते है। पूरे भारत से यहां भक्त आते हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर हिमालय में मंदाकिनी नदी के निकट है। इस मंदिर के निकट ही चार प्रमुख धार्मिक स्थल यमुनोत्री, गंगोत्री और बद्रीनाथ हैं। यहां स्थित गोरीकुंड से 14 किमी की चढ़ाई करने पर दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर पर स्थित तुंगनाथ शिव मंदिर है। लोग 3810 मीटर की यह ऊंचाई बम-बम भोले का नाम लेते हुए चढ़ते हैं। वाराणसी में



प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह मंदिर ब्रह्मांड के शासक भगवान विश्वनाथ को समर्पित है। इस मंदिर से साढ़े तीन हजार साल पुराना इतिहास जुड़ा है। श्रावण महीने में इस मंदिर पर भव्य उत्सव मनाने के साथ भगवान को नए-नए अभूषणों से सजाया जाता है। ओड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर है। श्रावण महीने में यहां भी बड़ा समारोह आयोजित करके शिव की पूजा की जाती है। मध्य प्रदेश में ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग है। नर्मदा नदी के तट पर स्थित यहां जो पहाड़ है, वह ओम के आकार का है। इसलिए इसे ओंकारेश्वर शिव मंदिर कहा जाता है। शंकराचार्य ने इसी पर्वत पर आराधना करके ज्ञान की प्राप्ति की थी। आंध्र प्रदेश में मल्लिकार्जुन मंदिर श्रीशैलम जिले में स्थित है। इसकी गिनती भी ज्योतिर्लिंगों में है। इस मंदिर परिसर की पहाड़ियों की दीवारों पर शिव के अनेक नयनाभिराम चित्र अंकित है। उज्जैन में भगवान महाकाल के नाम से प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग हैं। क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित इस मंदिर को पृथ्वी का केंद्र बिंदु माना जाता है। क्योंकि यहां से कर्क और भूमध्य रेखाएं परस्पर काटते हुए निकलती हैं। इसलिए यह कालगणना का भी प्राचीन केंद्र है। मुनि सांदीपनि का यहां आश्रम है। भगवान कृष्ण और बलराम ने इसी आश्रम से शिक्षा प्राप्त की थी। कर्नाटक में मुरुदेश्वर मंदिर है। यह अरब सागर के उत्तरी किनारे पर स्थित है। यहां शिवलिंग मंदिर के अलावा भगवान शिव की 123 फीट ऊंची शिव की प्रतिमा है। असम में सुकरेश्वर शिव मंदिर है। इसे राजा प्रमत्त सिंघा ने बनवाया था। पश्चिम बंगाल में तारकनाथ शिव मंदिर है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। महाराष्ट्र के पुणे के निकट भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग है। महाराष्ट्र में ही घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग है। यहां महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन होते है। यहां बारह स्थानों पर स्थित शिव ज्योति स्वरूप में स्थापित हैं। गुजरात में द्वारका के निकट नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर है। शिव-पुराण के अनुसार शिव का एक नाम नागेश है, इसलिए इसे नागेश्वर कहा जाता है। तमिलनाडु में रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग है। त्रेतायुग में भगवान राम ने रावण वध के बाद यही रुके थे और समुद्र तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा की थी। बाद में यह शिवलिंग वज्र के समान हो गया। इसे ही रामेश्वरम कहा जाने लगा। अतएव श्रावण का महीना ईश्वर की पूजा-अर्चना की दृष्टि से बारह महीनों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। अयोध्या में भागवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही देश के मंदिरों में धार्मिक पर्यटन कई लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था का आधार बन रहा है। भक्ति का यह व्यापार 10 से 15 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यहां तक की कई राज्यों में प्रमुख मंदिरों की आर्थिकी उस राज्य के कुल वार्षिक बजट से भी कहीं अधिक है। भारत में धनी मंदिरों की बात करें तो तिरुवनंतपुरम में स्थित पद्मनाभ स्वामी मंदिर के खजाने में हीरे, सोने और चांदी के गहनों समेत इन्हीं धातुओं की अनेक मूर्तियां हैं। माना जाता है मंदिर के पास 20 अरब डॉलर की संपत्ति है। मंदिर के गर्भगृह में 500 करोड़ रुपए की भगवान विष्णु की मूर्ति है। इस मंदिर के बाद तिरुपति बलाजी मंदिर सबसे धनी मंदिर है। यहां 680 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष दान में मिलते हैं। इस विष्णु मंदिर के पास नौ टन सोना है और 14000 करोड़ रुपए बैंक में सवधि योजनाओं में जमा है। तीसरे नंबर पर शिरडी के साईं बाबा मंदिर है। यहां सालभर में 380 करोड़ रुपए दान में आते है, इसके अलावा मंदिर के पास 460 किलो सोना, 5428 किलो चांदी और डॉलर-पाउण्ड जैसी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा को मिलाकर 18000 करोड़ रुपए बैंकों में जमा है। 52 शक्ति पीठों में एक माता वैष्णव देवी मंदिर में प्रतिवर्ष 500 करोड़ दान में आते हैं। उज्जैन के महाकाल मंदिर में लगभग 100 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष दान में आते हैं। मंदिर के पास 34 लाख का सोना और 88 लाख 68 हजार की चांदी है। तमिलनाडू के मीनाक्षी मंदिर की प्रतिवर्ष सलाना कमाई छह करोड़ रुपया है। इनमें से ज्यादातर मंदिर भक्तों के लिए निशुल्क भोजन के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, जल प्रबंध और सड़क निर्माण के प्रकल्प चलाते हैं। आपदा आने पर सरकारी राहत कोष में योगदान भी करते हैं। यदि ईश्वर दर्शन के इस धार्मिक पर्यटन में विवाह और दीपावली जैसे पर्व की आर्थिकी को भी जोड़ दिया जाए तो यह आर्थिकी कई लाख करोड़ की होगी ? अतएव मर्यादा पुरुषोत्तम राम और कृष्ण की महिमा नैतिकता के प्रतिमान और मानवता के चरम आदर्श व उत्कर्ष से जुड़ी तो है ही, अब बड़ी आर्थिकी का भी आधार बन गई है। गोया यह धार्मिक पर्यटन का भक्तिकाल तो है ही, देश की अर्थव्यवस्था को नूतन व निरंतर बनाए रखने का भी बड़ा आयाम बनता दिखाई दे रहा है।

-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार






# सैन्य अधिकारियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में सेवानिवृत्त वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर सैन्य कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि जो भी सुझाव आज प्राप्त हुए हैं उन पर यथोचित कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने अग्निपथ योजना के बारे में भी चर्चा की, जिस पर सभी ने अपने-अपने विचार रखे। राज्यपाल ने कहा कि अग्निपथ योजना परिवर्तनकारी योजना है जिसमें अग्निवीरों का प्रशिक्षण और उनकी क्षमता उच्च स्तर की है। उन्होंने कहा कि इस योजना से हमारे सशस्त्र बलों में युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा और उनके अंदर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होगी। राज्यपाल ने कहा कि इस योजना से सशस्त्र बलों के भीतर कौशल व आधुनिकता का विकास होगा साथ ही यह राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा में अहम योगदान निभाएगी। अग्निपथ को लेकर युवाओं में एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार (से नि), मेजर जनरल सम्मी सभरवाल (से नि), मेजर जनरल ए.एस. रावत (से नि), मेजर जनरल डी. अग्निहोत्री (से नि), मेजर जनरल ओ.पी. सभरवाल (से नि), मेजर जनरल प्रभोद शरण राणा (से नि), मेजर जनरल ओ.पी. सोनी (से नि), मेजर जनरल एम.एल. असवाल (से नि), मेजर जनरल अभय कार्की (से नि), वाइस एडमिरल अनुराग थपलियाल (से नि) एवं एयर वाइस मार्शल अजय शुक्ला (से नि) उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों के कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर वार्ता हुई। इस दौरान पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ईसीएचएस एवं सीएसडी सुविधाओं को बढ़ाने सहित अन्य कई विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# गुरू पूर्णिमा पर रक्तदान शिविर आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रथम श्वास फाउंडेशन दून सिटीजन्स कॉउन्सिल, व पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर अमरीक हॉल रेस कोर्स देहरादून मे रक्तदान शिविर का आयोजन, मेहंत इंद्रेश हॉस्पिटल की टीम के साथ किया गया जिसमें 52 यूनिट रक्तदान हुआ। रेड क्रॉस सोसायटी ने सर्टिफिकेट व मोमेंटो दे कर रक्तदान करने वालो का उत्साह वर्धन किया। हरेला के शुभ अवसर पर 100 पौधे वितरित किये गए जो प्रथम श्वास फाउंडेशन कि बहुत ही कर्मठ सदस्य श्रीमती सिंधु गुप्ता के सहयोग से दिए गए। इस अवसर पर डॉ मान के द्वारा अनामिका जिंदल के द्वारा किये गए कार्य जैसे मटका वितरन एवं गो चारा वितरण की प्रशंशा की गयी। इस अवसर पर दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ डीएस मान, हमारी विधाइका श्रीमती सविता कपूर, पूर्व राज्य मंत्रीराजकुमार पुरोहित, आचार्य सुभाष जोशी, ब्रिगेडियर के.. बहल, जेसल, पार्षद मोंटी, जोगेंद्र पुंडीर, रविंद्र आनंद, अशोक वर्मा, राजकुमार, संजय गर्ग शशिकांत सिंघल, प्रदीप गर्ग, गणेश बाबू, पंकज जोशी, सीमा जैन, संगीता जैन, निमिषा जैन, तरना सिंगल, बबीता गुप्ता, इंदु शर्मा, सुमन पांडे, सुमन जैन, मंजू हरनाल नैंसी धामी, उषा ना गर, गीता कपूर, नवीन गुप्ता, विक्की गोयल, हरीश मित्तल, सुनील अग्रवाल, विक्रम, डॉ नवीन सिंघल, डी. सी. बंसल, अंकुर, दीपक गर्ग, दीपक जेटी, डॉ मुकुल शर्मा, डॉ मयंक जैन, कटारिया, निशा, रोहित, हरी भाई, बालेश, मोना कौल, भक्ति कपूर, बलबीर सिंह, शशि कांत सिंघल आदि उपस्थित रहे। प्रिया गुलाटी ने इस पूरे शिविर के आयोजन मे बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।रेड क्रॉस सोसायटी ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया।



# अस्पताल की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

**जिला अस्पताल के आधुनिकीकरण के लिए पुराने भवन को ही नया बनाने के नाम पर उठाई उच्च स्तरीय जांच की मांग**

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया है।कांग्रेस जिला महामंत्री कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पहले अस्पताल का निरीक्षण किया उसके बाद एसडीएम से मुलाकात की और जिला अस्पताल कीसमस्याओं की जानकारी दी।उन्होंने जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। जिला महामंत्री कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचकर वहाँ अस्पताल के पुराने भवन को आधुनिक बनाने के नाम पर पुराने दीवारों को तोड़कर रँगरोधन, टाइलें लगाकर सरकार से आवंटित हुए करोड़ो रूपये की धनराशि का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए।वही अब तक जारी हुई राशि से अन्यत्र स्थान पर यदि आधुनिक अस्पताल को निर्मित किया होता तो भव्य आधुनिक अस्पताल बनने का दावा किया।जिला महामंत्री कवि जोशी ने जिला अस्पताल के पुराने भवन को नवनिर्माण कर सीमित स्थान पर पुराने भवन की भार क्षमता के साथ आधिनिकीकरण के नाम पर हो रहे निर्माण



कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई, वही मरीजो के लिए बने भर्ती कक्ष और अन्य स्थानों में छत से पानी टपकने और मरीजो को होने वाली परेशानी के लिए निर्माण कार्य करा रही कम्पनी और स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार बताते हुए आवंटित हुई धनराशि का दुरुपयोग होने के आरोप लगाते हुए मामले कि सीबीआई जांच की मांग उठाई है।वही पूर्व में जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जिला अस्पताल दिखाकर जनता के साथ खिलवाड़ होने और और आधुनिक जिला अस्पताल के निर्माण के लिए जिला मुख्यालय में भूमि उपलब्ध नही करवा पाने पर जिलाप्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए।वही मरीजो को वर्षाकाल में कोई भी असुविधा होने पर इसके लिए अधिकारियों और कार्य करा रही कम्पनी की जिम्मेदारी होने की बात कही। इसके बाद इन समस्याओ को लेकर कार्यकर्ता एसडीएम मोनिका के पास पहुंचे। उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेसियों का कहना हे कि जिला अस्पताल में इन दिनों सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है, लेकिन इसमें लीपापोती हो रही है। पुराने दरवाजों व टाइलों को दोबारा लगाया जा रहा है। वार्डों में करटं फैलने का खतरा बना हुआ है।जल औषधि केंद्र लंबे समय से बंद है। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर गोकुल परिहार, गणेश कुमार, संस्कार भारती, सुनील पांडे, चंदन कोरंगा, संजय जोशी, कुंदन गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# पत्रकार गुलाटी के जीजा के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद इंडिया के कुमांयू मंडल प्रभारी अशोक कुमार गुलाटी के जीजाजी हरीश चोपड़ा का सोमवार सुबह दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बिमार थे। उनके निधन पत्रकार प्रेस परिषद से जुड़े पत्रकारों सहित तमाम लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिंवगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। पत्रकार अशोक गुलाटी के जीजा हरीश चोपड़ा बैंक प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पिछले कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। उन्होंने सोमवार सुबह नई दिल्ली स्थित अपने निवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। रूद्रपुर में पत्रकार परिषद के सदस्यों ने हरीश चोपड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में परमपाल सुखीजा, सुरेन्द्र तनेजा, जगदीश चन्द्र, सुरेन्द्र गिरधर, प्रमोद धींगड़ा, दीपक कुकरेजा, गोपाल शर्मा, अशोक सागर, गोपाल भारती, गोपाल गौतम सहित तमाम पत्रकार शामिल थे। उधर काशीपुर में पत्रकार प्रेस परिषद की महानगर ईकाई ने भी शोक व्यक्त किया। महानगर नगर अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी की अध्यक्षता में हुई शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर हरीश चोपड़ा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि श्री चोपड़ा को अपने श्री चरणों में स्थान दें, और उनके परिवार को इस दुख को सहने की हिम्मत प्रदान करें। शोक सभा में परिषद की महानगर ईकाई के संरक्षक सुनील कोठारी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष अजय सक्सेना,महा सचिव आरिफ खान, सदस्य योगेश कश्यप, मनोज पंत आदि मौजूद रहै।

# बेरीनाग से कमस्यारघाटी को जोड़ने वाली सड़क बदहाल

कांडा(उद संवाददाता)। बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले को जोड़ने वाली बेरीनाग–पस्तोला तथा बेरीनाग–नरगोली मोटर मार्ग की हालत बद से बदत्तर हो गई है। आधी सड़क पिथौरागढ़ तो आधी




बागेश्वर जिले में होने के कारण सड़क की बदहाली की सुध लेवा कोई नहीं है।जिससे क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। इसका दंश कमस्यारघाटी के लोगों को झेलना पड़ रहा है। इस पीड़ा को लेकर क्षेत्र के लोग क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया से मिले। कमस्यार घाटी विकास संघर्ष समिति के लोग रविवार को कपकोट पहुंचे। यहां उन्होंने कपकोट विधायक सुरेश गड़िया से मुलाकात की। लोगों का कहना है कि कमस्यारघाटी के लोग हर काम के लिए बेरीनाग जाते हैं। उनकी सबसे नजदीक की बाजार वहीं है। यहां के बच्चे डिग्री कॉलेज पढ़ने भी यहीं जाते हैं। बेरीनाग–पस्तोला, बेरीनाग– नरगोली सड़क की हालत दिन–प्रतिदिन खराब होते जा रही है। बेरीनाग से दो किमी आगे जेड बैंड बहुत ही खतरनाक हो गया है। यहां पर लगातार पत्थर व मलबा गिर रहा है। जिस कारण लोगों को आने–जाने में खासी दिक्कत हो रही है। 2022–23 में मार्ग में पांच किमी डामरीकरण की स्वीकृति मिली, लेकिन आज कार्य शुरू नहीं हो पाया है। दो जिलों में फंसी सड़क की दशा सुधारने के लिए विधायक से अपने स्तर से प्रयास करने की मांग की है। इस मौके पर पौंसा पोस्ताला चंतोला नरगोली बेरीनाग सड़क संघर्ष समिति अध्यक्ष दरपान राम टम्टा , ग्राम प्रधान पौसा भगवान राम संघर्ष समिति के भगवान मेहरा नरेंद्र रावत सुबेदार फकीर सिंह बोरा आदि मौजूद थे। विधायक ने उन्हें जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिया।

# नशेड़ी युवक ने सरयू में लगाई छलांग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। इन दिनों सरयू नदी अपने तेज उफान में है, वही एक नशेड़ी युवक की सनक और नदी में कूदने की घटना से आसपास मौजूद लोगों के लिए कोतहुल का विषय बन गया, ट्रामा सेंटर के समीप नई पुल के पास नशे की हालत में अचानक एक युवक ने सरयू नदी में कूद मार दी, गनीमत रही कि वह नदी की तेज लहरों की चपेट में नही आया, तभी आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई।जिसके बाद तत्काल फायर बिग्रेड और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद नदी तक पहुंचने के लिए लम्बी सीढ़ी लगाई गई। मौके पर एफएसओ गोपाल सिंह रावत और कोतवाल कैलाश नेगी ने सूझबूझ से जैसे तैसे युवक को पानी से बाहर निकाला, कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि शराब के नशे में करुली निवासी मोहित लाल साह पुत्र पूरन लाल ने नशे की लत में सरयू नदी में जाकर नदी में छलांग लगाने की कोशिश की, जिस पर इसे स्थानीय लोगों और मौजूद पुलिस कर्मियों के सहयोग से



इसे नदी किनारे पर ही पकड़ लिया।जिसके बाद वहां सड़क पर लोगों का जमावड़ा लग गया। और लोग घटना को देखने लगे।वही फायर ब्रिगेड की टीम ने नदी में पहुंचकर युवक को रेस्क्यू किया और घायल अवस्था में युवक को फायर ब्रिगेड कर्मी ने हिम्मत दिखाते हुए अपने कंधे में रखकर सीढ़ियों की मदद सेअपनी जान जोखिम में डालकर सड़क तक पहुंचाया। जिसके बाद घायल अवस्था मे उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही युवक के परिजनों को बुलाया गया है।वही स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम के सहयोग से बड़ा हादसा होने से रोका गया।

# कच्ची शराब के खिलाफ एसएसपी कार्यालय में महिलाएं गरजी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कच्ची शराब की बिक्री के विरोध मे आज दर्जनों महिलाओ ने एसएसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। ग्राम कुंवरपुर तहसील सितारगंज से आई महिलाओ ने गांव मे बिक रही कच्ची शराब के विरोध मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के बाहर कच्ची शराब के विरोध मे धरना प्रदर्शन कर कच्ची शराब बेचने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि कच्ची शराब की बिक्री से ग्राम का वातावरण खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि नशे में चूर लोगों द्वारा आये दिन गांव की महिलाओं से छेड़छाड़ भी की जाती है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान राजवती, सुषमा, सुनीता, निर्मला, राधा, गीता, ममता, रानी, सुमन,हरविंदर कौर, भगवान कौर, आशा, बीना, नबिया, कमलेश, रूबी, मीरा देवी, प्रीति सिंह, भगवती, चंद्रवती आदि मौजूद थीं।



# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। पवित्र माह सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तो का तांता लगा रहा।क्षेत्र के सुरेंद्र नगर स्तिथ तारक नाथ धाम,बैकुंठपुर के तारकेश्वर धाम,बाजार के शिव मंदिर,झाड़ी मंदिर झारखंडेश्वर धाम व क्षेत्र के शिवालयों पर प्रात: 5 बजे से ही शिव भक्तो का लम्बी कतारें लगना शुरु हो गयी।शिव भक्त बेल पत्र,फूल,जल,फल आदि सामग्री लेकर मंदिर पहुँचे, भक्तों ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।तारक नाथ धाम मंदिर परिसर में बढ़ती भीड़ को देखते हुये पूजा कमेटी ने सभी भक्तो की आस्था को देखते हुये। सुंदर व्यावस्था किया। इस मौके पर तारक नाथ धाम पूजा कमेटी कमेटी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**व्यापार मंडल चुनाव ..**एक प्रतिष्ठान पर दो–दो व्यापारियों को सदस्यता प्रदान की गई है जो कि अवैध है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि चुनाव समिति द्वारा बनाई गई मतदाता सूची को तत्काल जांच कर अवैध रूप से बनाए गए मतों को खारिज किया जाए। धरना प्रदर्शन के उपरांत उपस्थित तमाम व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्र को एक शिकायती ज्ञापन सौंप कर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारी संगठन की नियमावली की धज्जियां उड़ा रहे हैं जिस वजह से नगर में चुनाव को लेकर विरोध के स्वर मुखर हुए हैं। नगर चुनाव समिति के पदाधिकारी सतपाल गाबा, राजेंद्र अरोड़ा, अभय कुमार सिंह के साथ जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी द्वारा उप जिलाधिकारी से वार्ता की गई तथा चुनाव के संबंध में दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया का विरोध कर रहे व्यापारियों द्वारा भी दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का कहना है कि कार्यालय द्वारा जिला कार्यकारिणी से दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई थी जिस पर प्रदेश संगठन ने उप निबंधक कार्यालय से 10 दिन का समय मांगा गया है जिस वजह से भी चुनाव प्रक्रिया संपन्न नहीं कराई जानी चाहिए। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों एवं जिला पदाधिकारी के बीच नोक झोक होते–होते बच गई जिसे उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा द्वारा नियंत्रित कर लिया गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन करने वालों में व्यापारी विजय अरोड़ा के साथ नितिन फुटेला, मनमोहन सक्सेना, संजीव सिंह महेंद्र पाल सिंह, अरूण तनेजा, प्रमोद ठुकराल आदि लोग उपस्थित थे। वहीं मामले में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने कुछ व्यापारियों के प्रदर्शन के संबंध में कहा है कि वे आगामी 25 जुलाई को नगर व्यापार मंडल के होने वाले चुनाव हेतु उप जिला अधिकारी कार्यालय में उप जिलाधिकारी से सुरक्षा मुहैया कराए जाने के संबंध में वार्ता करने गए थे जिस पर कुछ व्यापारियों द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई जो कि उप जिलाधिकारी के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि वह किसी चुनाव के विरोधियों से मिलने या समर्थन करने नहीं गए थे बल्कि वह तो प्रशासन से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करने की मांग को लेकर गए थे तथा उप जिलाधिकारी से संपूर्ण बिंदुओं पर वार्ता के बाद वह बाहर निकलकर जा रहे थे तो कुछ व्यापारियों द्वारा चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने के संबंध में नारेबाजी की जा रही थी जिस पर उनका कोई लेना देना नहीं था किंतु कुछ लोगों द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई जो कि गलत है। वहीं प्रांतीय उद्योग नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे दानिश इकबाल ने भी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए उप जिलाधिकारी से चुनाव पर रोक लगाने की मांग की है। यहां चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग को लेकर चल रहे प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे इकबाल दानिश ने एक ज्ञापन सौंपते हुए उप जिलाधिकारी से कहा है कि चुनाव समिति द्वारा व्यापारियों की मतदाता सूची बनाने में लापरवाही बरती है तथा एक ही प्रत्याशी द्वारा सदस्यता की रसीद एकत्रित कर ली है जो कि अभी तक व्यापारियों के सम्मुख नहीं पहुंचाई गई है जिससे प्रतीत होता है कि चुनाव समिति एक प्रत्याशी को चुनाव जिता कर अध्यक्ष बनना चाहती है।

**दुकानों पर नाम पहचान...**चुनौती दी थी। सोमवार को जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस पर सुनवाई की। मामले पर सुनवाई के दौरान एनजीओ की ओर से पेश वकील सीयू सिंह ने कहा कि यूपी सरकार के इस फैसले का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। कोई भी कानून पुलिस कमिश्नर को इस तरह की शक्तियां नहीं देता। सड़क किनारे चाय की दुकान या ठेला लगाने वाले दुकानदार की ओर से इस तरह की नेमप्लेट लगाने के आदेश देने से कुछ फायदा नहीं होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह छद्म आदेश है। सिंघवी ने कहा कि कावड़ यात्रा दशकों से हो रही है। सभी धर्मों के लोग मुस्लिम, ईसाई और बौद्ध कावड़ियों की मदद करते हैं। कावड़ियों को मांसाहार खिलाने को लेकर सख्त कानून पहले से बने हैं। बता दें यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा से पहले जरूरी निर्देश जारी किए थे। सरकार के मुताबिक, सड़क किनारे ठेले समेत हर खाद्य पदार्थ की दुकानों के मालिकों को अपने नाम का बोर्ड लगाना जरूरी कर दिया गया था। इस नियम की शुरुआत मुजफ्फरनगर से हुई थी। वहां स्थानीय प्रशासन ने कांवड़ यात्रियों के रास्ते में पड़ने वाली दुकानों पर उनके मालिक और संचालक के नाम लिखने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने हलाल प्रोडक्ट्स बेचने वालों पर भी कार्रवाई करने का आदेश दिया था। **माहौल बिगाड़ने ...**को कानून सम्मत धाराओं में निरुद्ध किया है उन्हें बगैर जमानत के नहीं छोड़ा जा रहा है। सबके मुचलके के भरवाए जा रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाये जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि अभी उपनिबंधक कार्यालय से तथा जिला स्तर पर संबंधित विभागों से पत्राचार किया जा रहा है जो भी नियम सममत होगा वह निर्णय लिया जाएगा। किंतु किसी को भी लॉयन ऑर्डर की व्यवस्था बिगाड़ने नहीं दी जाएगी तथा देर शाम तक चुनाव प्रक्रिया के संबंध में निर्णय ले लिया जाएगा।

**नदी में फंसे दो ...** में पहुंचकर फंसे हुए दोनों व्यक्तियों को रेस्क्यू कर नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। इन व्यक्तियों में विजय भूषण पुत्र इंद्रदेव नौटियाल ग्राम तुल्याड़ा सुनारगांव और किशोरी लाल पुत्र बड़की लाल निवासी सिगोट डुंडा उत्तरकाशी थे।

**दिनदहाड़े व्यापारी से ...**अन्य साथियों को बुला कर व्यापारी के साथ गाली–गलौज और मारपीट शुरू कर दी। साथ ही व्यापारी की जेब मे रखे ग्यारह हजार पांच सौ रुपए लूट लिए। जिसके बाद सभी युवक धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली।


## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो विवाहित पुत्र बड़ा गणेशपाल व उसकी पत्नी मेनका पाल तथा मंझला पुत्र कार्तिक पाल व उसकी पत्नी रीतिका पाल परिजनों का कहना नहीं मानते हैं। आये दिन घर में कलह का वातावरण बनाकर धमकियां देते हैं। जिस कारण मैंने दोनों पुत्रों व उनकी पत्नियों से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में दोनों पुत्रों व उनकी पत्नियों द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**विदिशा पाल पुत्र श्री सनातन पाल, निवासी- गली नं. 1, आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी, रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।



**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शिक्षकों की कमी के बीच 'सुगम-दुर्गम' खेलने में व्यस्त शिक्षा महकमा

## सुदूर पहाड़ी ग्रामीण अंचलों की शिक्षा व्यवस्था हुई बदहाल,जीआईसी पांखू में विज्ञान वर्ग के प्रवक्ताओं के पद पिछले दो वर्ष से रिक्त, इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय

– अर्श –

पिथौरागढ़। शिक्षकों को पहाड़ चढ़ाने उतारने की कवायद में जुटा राज्य का शिक्षा महकमा जहां एक ओर सुगम- दुर्गम खेलने में व्यस्त है ,वही दूसरी ओर उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था बदहाली की चिंताजनक तस्वीर पेश करती दिख पड़ रही है। सूबे के मैदानी क्षेत्र के शासकीय विद्यालय एवं पहाड़ी क्षेत्र के कुछ प्रमुख नगरों के चुनिंदा शासकीय विद्यालयों को छोड़ दिया जाए तो राज्य के सुदूर पहाड़ी ग्रामीण अंचलों के शेष शासकीय विद्यालयों की दशा-दिशा बेहद सोचनीय है। राज्य निर्माण के दो दशकों से अधिक का लंबा समय व्यतीत हो जाने के बाद भी सुदूर पहाड़ी ग्रामीण अंचलों के इन शासकीय विद्यालयों की दुर्दशा देख, इस बात का आश्वासन कतई नहीं मिलता कि राज्य का शिक्षा महकमा उत्तराखंड की आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने की दिशा में तनिक भी गंभीर है। बल्कि बेहतर शिक्षा के सरकारी दावों के ऐन उलट सुदूर पहाड़ी ग्रामीण अंचलों के शासकीय विद्यालयों की बदहाली का आलम कुछ ऐसा है कि किसी विद्यालय में अपना भवन नहीं है ,तो किसी विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक अथवा काम चलाऊ फर्नीचर नहीं है। जिन विद्यालयों में भवन है भी, तो या तो वह जर्जर हो चुका है या फिर भवन की छत बरसात में टपकती रहती है। सुदूर पहाड़ी ग्रामीण अंचलों की बदहाल शिक्षा व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण पिथौरागढ़ के पांखू का गवर्नमेंट इंटर कॉलेज है ,जो पिछले



दो सालों से सरकार और शिक्षा विभाग की घोर उपेक्षा का दंश झेल रहा है । उल्लेखनीय है कि जीआईसी पांखू में पिछले 2 साल से विज्ञान वर्ग में जीव विज्ञान, गणित ,अंग्रेजी और रसायन विज्ञान के प्रवक्ता का पद रिक्त है। पिछले दो वर्षों से प्रमुख विषयों के प्रवक्ता न उपलब्ध होने के का सीधा असर जीआईसी के में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही प्रमुख विषयों के प्रवक्ताओं के पद रिक्त होने के चलते अभिभावकों में भी खासा असंतोष व्याप्त है और वह यह प्रश्न उठाते हुए, कि जब विद्यालय में शिक्षक ही नहीं है तो बच्चे कैसे परीक्षा उत्तीर्ण कर पाएंगे ? अपने-अपने बच्चों का दाखिला दूसरे विद्यालयों में कर रहे हैं ।ज्ञात हो की जीआईसी इंटर कॉलेज पांखू में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने के चलते तकरीबन आधा सैकड़ा विद्यार्थी विद्यालय से टीसी कटवा कर दूसरे विद्यालयों में चले गए हैं ।बताना होगा की जीआईसी पांखू में इस शिक्षण सत्र में 300 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं ,लेकिन महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने से उपरोक्त छात्राओं का भविष्य अंधकार में है ।जीआईसी में विज्ञान विषय के प्रवक्ता ना होने के कारण पिछले दो वर्ष में विज्ञान वर्ग में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में खासी कमी आई है । बात इंटर कॉलेज के परीक्षा परिणाम की करें, तो पिछले वर्ष इंटर के विज्ञान वर्ग में 24 बच्चे अध्यनरत थे, जिसमें से केवल सात बच्चे ही परीक्षा पास कर सके। इस वर्ष विज्ञान वर्ग की 11वीं एवं 12वीं कक्षा में क्रमशः 25 और 21 बच्चे हैं । योग्य शिक्षकों की कमी के चलते इनमें से कितने बच्चे इस साल की परीक्षा पास कर पाएंगे? यह एक बड़ा सवाल है।

# ट्रक ने स्कूटी सवार को रौंदा, दर्दनाक मौत

## बाजार से घर लौट रहा था युवक, मटकोटा मार्ग पर हुआ हादसा

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। मटकोटा मार्ग पर रविवार की रात को ट्रक से कुचलकर स्कूटी युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर सवार उसका साथी बाल बाल बच गया। हादसे के चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।कालीनगर गांव निवासी 35 वर्षीय मंटू दफादार पुत्र वैद्य दफादार अशोक नगर बिलासपुर यूपी निवासी कार्तिक मंडल के साथ स्कूटी संख्या यूके 06 एसी-1274 पर बाजार से घर लौट रहा था। मटकोटा मार्ग पर कौशल्या गार्डन के सामने खड्डे को बचाने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी।इस बीच पीछे से आ रहे ट्रक संख्या- एचआर 58 डी 8025 के पहिये के नीचे आकर मंटू का सिर कुचल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि पीछे बैठा उसका साथी कार्तिक छिटककर सड़क किनारे गिरने से बाल बाल बच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। बाद में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंटू की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंटू सिडकुल की कंपनी में कार्यरत था। उनके तीन बच्चे,दो बेटे और एक बेटी है। पत्नी काकुली और तीनों बच्चों के साथ परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



# लगातार मटकोटा मार्ग पर हो रही मौत का जिम्मेदार प्रदेश की सरकार: सुभाष

दिनेशपुर। सड़कों पर हुए गडडों से लगातार सड़क हादसे में हो रही मौत के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि गदरपुर मटकोटा मार्ग में 2023 में कई दिनों के धरना प्रदर्शन आम आदमी पार्टी की ओर से किया गया था जिस पर सरकार ने लीपा पोती कर गड्ढों को भरकर क्षेत्रीय जनता को भ्रमित करने का काम किया। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लोगों को भ्रमित किया। अब इस मार्ग की स्थिति पहले से भी खौफनाक है। रविवार रात्रि को हुई सड़क हादसे में मौत के मामलें में क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। हम सरकार से मांग करते हैं गदरपुर मटकोटा मार्ग को शीघ्र निर्माण करें। अन्यथा पुनः आंदोलन किया जाएगा।

# टैंट व्यापारियों से ठगी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन द्वारा कोतवाली पहुँच कर टैंट व्यापारियों के अलग अलग प्रतिष्ठान में ठगी करने वाले हरीश पांडे नामक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई । उनका आरोप है कि उक्त व्यक्ति द्वारा नगर के विभिन्न टैंट व्यापारियों से ठगी की गई। टैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे के नेतृत्व में कोतवाल से मुलाकात कर उक्त व्यक्ति की छानबीन कर व्यापारियों का सामान दिलाने की मांग की। मिलने वालों में महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिस्ट, संरक्षक भोला दत्त भगत, नंदकिशोर कर्नाटक, हरीश दरमवाल, विमल तौलिया, गोपाल भट्ट, योगेश तिवाड़ी, गिरीश हेड़िया, देवेश भट्ट सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# 13 बाइकों के साथ पांच ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

बाजपुर (उद संवाददाता) ।पुलिस ने अंतरराज्यीय ऑटो लिफ्टर गिरोह का फर्दाफाश करते हुए चोरी की 13 बाइकों के साथ गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने उत्तराखंड से बाइक चोरी कर यूपी के मुरादाबाद और रामपुर में बेचने की योजना बनाई थी। रविवार को कोतवाली में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। इसके लिए अलग-अलग स्थानों से चोरी हुई बाइक के घटनास्थल से 50-60 सीसीटीवी कैमरे चेक किए और कुछ संदिग्धों की शिनाख्त की गई। शनिवार को हाईवे स्थित लेवड़ा नदी पुल के पास से संदिग्ध पांच युवकों को चोरी की दो बाइकों के संग दबोचा गया। पूछताछ में आरोपियों ने जिलेभर में 13 से 14 बाइक



चोरी करना कबूल लिया। आरोपियों की निशानदेही पर बंद पड़ी फैक्टरी के खंडहर से 11 बाइक बरामद की। चोरी की बरामद बाइकों में तीन बाजपुर, चार दिनेशपुर, एक गदरपुर जबकि पांच बाइक जिले के अन्य क्षेत्रों से चोरी हुई हैं। गिरोह का सरगना संजू कश्यप है। संजू पर यूपी के स्वार जिला रामपुर में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। वहां एसपी अभय कुमार सिंह, सीओ अन्नराम आर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसएसपी ने टीम में शामिल सिपाही कृष्णा नेगी और ग्राम प्रहरी शाहिद का नाम मैन आफ दा मंथ के लिए चयनित करने के साथ ही टीम को बतौर इनाम 1500 रुपये देने की घोषणा की। टीम में इंस्पेक्टर नरेश चौहान, एसएसआई विनोद फर्त्याल, एसआई सुरेंद्र सिंह, एसआई धीरेंद्र सिंह, मनोज बिष्ट, कृष्णा नेगी, मनोज भाकुनी, नरेंद्र सिंह, राजेशनाथ, दीपक ढैला शामिल रहे।

